an>

Title : Speaker made Valedictory Reference on the conclusion of the 2nd Session of the 17th Lok Sabha.

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्यगण, अब हम सत्रहवीं लोक सभा के दूसरे सत्र की समाप्ति की ओर आ गए हैं, जो 18 नवम्बर, 2019 को आरंभ हुआ था। अब तक, हम 20 बैठकें कर चुके हैं जो 130 घंटे 45 मिनट तक चलीं। 18 नवम्बर, 2019 को चार नए सदस्यों ने शपथ ली अथवा प्रतिज्ञान किया।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : इस सत्र में महत्वपूर्ण वित्तीय, विधायी और अन्य कार्यों का भी निपटान हुआ। वर्ष 2019-20 के लिए अनुदानों की अनुपूरक मांगों (सामान्य) पर चर्चा 5 घंटे 5 मिनट तक चली। वर्तमान सत्र के दौरान 18 सरकारी विधेयक पुर:स्थापित हुए। कुल मिलाकर 14 विधेयक पारित हुए। 140 तारांकित प्रश्नों के मौखिक उत्तर दिए गए। औसतन प्रतिदिन लगभग 7.36 प्रश्नों के उत्तर दिए गए। इसके अतिरिक्त औसतन प्रतिदिन 20.42 अनुपूरक प्रश्नों के उत्तर दिये गए। 27 नवम्बर, 2019 को सभी 20 तारांकित प्रश्न लिये गए।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : सदस्यों ने प्रश्न काल के पश्चात शाम को देर तक बैठकर लगभग 934 अविलंबनीय लोक महत्व के मामले उठाए। निर्धारित बैलट किए गए 20 मामलों की तुलना में प्रतिदिन औसतन 58.37 मामले उठाए गए। इसके अतिरिक्त स्थगन प्रस्ताव की उन 40 सूचनाओं, जिन्हें उठाने की अनुमति नहीं दी गई थी, को शून्य काल में मामलों में अंतरित करके सभा में उठाने की अनुमति दी गई। नियम 377 के अधीन कुल 364 मामले उठाए गए। इनमें से 121 मामलों को सभा में उठाया गया और 243 मामले सभा पटल पर रखे गए। स्थायी समितियों ने सभा में 48 प्रतिवेदन प्रस्तुत किए।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : माननीय संसदीय कार्य मंत्री के सरकारी कार्य के संबंध में 3 वक्तव्यों सहित मंत्रियों ने विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर कुल 15 वक्तव्य दिए। इस सत्र के दौरान संबंधित मंत्रियों ने कुल 1669 पत्र सभा पटल पर रखे।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : सभा में नियम 193 के अंतर्गत दो अल्पकालिक चर्चाएं भी की गईं। सबसे पहले 'वायु प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन' के संबंध में चर्चा 7 घंटे और 49 मिनट तक चली तथा 'विभिन्न कारणों से फसल की क्षति और उसका कृषकों पर प्रभाव' विषय पर भी चर्चा 7 घंटे और 21 मिनट चली।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : जहां तक गैर-सरकारी सदस्यों के कार्य का संबंध है, गैर-सरकरी सदस्यों ने दूसरे सत्र के दौरान अलग-अलग विषयों पर 28 विधेयक पुर:स्थापित (introduce) किए। 22 नवंबर, 2019 को 'अनिवार्य मतदान विधेयक, 2019' के प्रस्ताव पर आगे चर्चा की गई। उस दिन इस पर चर्चा पूरी नहीं हुई।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : गैर-सरकारी सदस्यों के संकल्पों के मामले में 29 नवम्बर, 2019 को केन-बेतवा नदी संपर्क परियोजना के माध्यम से नहरों के निर्माण संबंधी संकल्प पर आगे चर्चा की गई। उस दिन इस पर चर्चा पूरी नहीं हुई।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : इस सत्र में, विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करने के लिए सभा 28 घंटे और 43 मिनट देर तक बैठी। इस प्रकार सभा की उत्पादकता 115 प्रतिशत दर्ज की गई है।

मंगलवार, 26 नवम्बर, 2019 को संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में 'संविधान दिवस' की 70वीं वर्षगांठ मनाने हेतु एक समारोह का आयोजन किया गया।

...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : इस अवसर पर भारत के माननीय राष्ट्रपति जी, माननीय उपराष्ट्रपति जी, भारत के माननीय प्रधान मंत्री जी के साथ मैंने भी सभा को संबोधित किया। इस समारोह में संसद के दोनों सदनों-राज्य सभा और लोक सभा के संसद सदस्यों ने भाग लिया।

...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : संसद सदस्यों की क्षमता निर्माण के कदम के रूप में संदर्भ प्रभाग द्वारा सभा के समक्ष महत्वपूर्ण विधायी कार्यों पर ब्रीफिंग सत्र आयोजित करने हेतु एक पहल की गई है। इसका उद्देश्य सभा के विधायी मुद्दों पर संसद सदस्यों को जानकारी देना है। एक बार जब विधेयक पुरःस्थापित हो जाता है तब विधेयक के संबंध में ब्रीफिंग सत्र रखा जाता है, जिसमें संबंधित मंत्रालय/विभाग के वरिष्ठ अधिकारी सदस्यों को जानकारी देते हैं।

...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : संसद के वर्तमान शीतकालीन सत्र के दौरान अब तक 9 ब्रीफिंग सत्र आयोजित किए जा चुके हैं।

सदस्यों ने सत्रों के दौरान परस्पर चर्चाओं के आदान-प्रदान तथा दिए गए बहुमूल्य सुझावों की सराहना की है।

...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : मैं सभा की कार्यवाही को पूरा करने में सभापति तालिका में शामिल अपने सभी माननीय सहयोगियों का उनके योगदान के लिए आभार व्यक्त करता हूं। मैं माननीय प्रधान मंत्री जी, संसदीय कार्य मंत्री जी, विभिन्न दलों और समूहों के नेताओं और माननीय सदस्यों के प्रति उनके सहयोग के लिए अत्यधिक कृतज्ञ हूं। मैं आप सभी की ओर से प्रेस और मीडिया के मित्रों का भी धन्यवाद करता हूं। मैं सभा को प्रदान की गई समर्पित और त्वरित सेवाओं के लिए लोक सभा सचिवालय के महासचिव, अधिकारियों और कर्मचारियों को

धन्यवाद देता हूं। मैं सभा की कार्यवाही के संचालन से संबद्ध एजेंसियों को उनके द्वारा प्रदान की गई सहायता के लिए भी धन्यवाद देता हूं।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, कृपया अपने स्थान पर खड़े हो जाएं क्योंकि "वन्दे मातरम्" की धुन बजाई जाएगी।

12.23 hrs

NATIONAL SONG

(राष्ट्रीय गीत की धुन बजाई गई।)

12.24 hrs

The Lok Sabha then adjourned sine die.

* Not recorded.